भारत - सोलोमन द्वीप समूह संबंध

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध मई, 1987 में स्थापित हुए। सोलोमन द्वीपसमूह ने वर्ष 2003 में नई दिल्ली में अपने मानद कांसुलावास की स्थापना की। सोलोमन द्वीपसमूह के साथ भारत के संबंध मित्रवत हैं। इन दो देशों के बीच राजनीतिक संवाद बहुपक्षीय / अंतरराष्ट्रीय फोरमों में काफी व्यापक है।

सोलोमन द्वीपसमूह के विदेश मंत्री, श्री लौरी एच. चैन ने 17 से 20 जनवरी, 2005 के दौरान नई दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने विदेश मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री से भी विचार विमर्श किया।

सोलोमन द्वीप समूह के विदेश कार्य तथा विदेश व्यापार मंत्री, माननीय श्री पीटर शानेल अगोवाका ने 18 - 19 फरवरी, 2011 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित 'सबसे कम विकसित देशों (एल डी सी) के विकास हेतु दक्षिण - दक्षिण सहयोग के लिए सकारात्मक योगदान को बढ़ावा देने' विषय पर मंत्रालयीय बैठक में भाग लिया।

वाणिज्यिक संबंध :

सोलोमन द्वीपसमूह की अर्थव्यवस्था छोटी है, जो मुख्यत: विदेशी सहायता पर निर्भर है। परिणामस्वरूप, सोलोमन द्वीपसमूह के साथ द्विपक्षीय व्यापार महत्वपूर्ण नहीं है। वर्ष 2013 -14 के दौरान सोलोमन द्वीपसमूह को भारत से होने वाला निर्यात 2.06 मिलियन अमरीकी डॉलर का था जबकि आयात 5.30 मिलियन अमरीकी डॉलर का था।

भारत सोलोमन द्वीपसमूह के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत 15 छात्रवृत्तियों की पेशकश करता रहा है। प्रशांत महासागर के द्वीप देशों के लिए भारत सरकार की क्षेत्रीय सहायता पहलों के सिलसिले में कुल 800,000 अमरीकी डॉलर की सहायता अनुदान राशि सामाजिक कार्यक्रमों हेतु उपस्कर एवं सामग्री की आपूर्ति के लिए सोलोमन द्वीप समूह को ऑफर किया गया था। इसमें से, सोलोमन द्वीपसमूह द्वारा अब तक 169842 अमरीकी डॉलर का उपयोग किया गया है। भारत ने अप्रैल, 2007 में सुनामी पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास हेतु 100000 अमरीकी डॉलर की नगद सहायता भी दी। भारत सरकार ने मार्च 2014 में आई विध्वंसकारी बाढ़ के लिए राहत सहायता के लिए 50,000 अमरीकी डॉलर की राशि संस्वीकृत की है।

सोलोमन द्वीपसमूह इस बात के लिए काफी इच्छुक है कि भारत संस्थाओं की स्थापना में उसकी

सहायता करे। उन्होंने अयस्कों की जांच इत्यादि में प्रयोगशालाओं में उनकी मदद करने का अनुरोध किया है।

भारतीय समुदाय :

सोलोमन द्वीपसमूह में फिलहाल लगभग 20 भारतीय नागरिक हैं जो आतिथ्य सत्कार सेक्टर, मिशनरी कार्य, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और छोटे छोटे व्यापारों में कार्यरत हैं। होनियारा, सोलोमन द्वीपसमूह में भारतीय मूल के लोगों का एक एसोसिएशन भी है।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय उच्चायोग, पोर्ट मोरेस्बी की वेबसाइट :
:/ / ../

*****

जुलाई, 2015